कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 17.09.2025

विषयः-थाना रामनगर पुलिस द्वारा गौ तस्करी के मुकदमे में वांछित 25 हजार रुपये का इनामिया 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली महोदय व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में दिनांक 16/09/2025 को मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना रामनगर पुलिस द्वारा मु0अ0स0-140/2025 धारा 109(1) बीएनएस, व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, व धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम में वांछित 25000/- रुपये के इनामिया अभियुक्त कृष्णा प्रसाद यादव उर्फ छोटू उर्फ झींगाटू पुत्र डबलू यादव निवासी सीरगोवर्धन (डाफी टोल प्लाजा के पास), थाना लंका, जनपद वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष को विश्वसुंदरी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

पंजीकृत अभियोग का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 26/06/2025 को गोवंशीय पशुओं की तस्करी के सम्बन्ध में थाना रामनगर में पंजीकृत मु0अ0स0-140/2025 धारा-109(1) बीएनएस, व धारा-3/25 आर्म्स एक्ट, व धारा-3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित मुकदमे से सम्बंधित अभियुक्त कृष्णा प्रसाद यादव उर्फ झींगाटू उर्फ छोटू गोवंशीय पशुओं को तस्करी कर ले जाते हुए ट्रक को पास करवा रहा था कि उक्त ट्रक को पुलिस बल से घिरता देख मौके से फरार हो गया था तथा गिरफ्तारी से बचने हेतु लगातार स्थान परिवर्तन कर छिप रहा था। उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपायुक्त काशी जोन महोदय द्वारा 25000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था। दिनांक 16/09/2025 को रामनगर पुलिस को जरिए मुखबिर खास सूचना मिली कि उक्त इनामिया अभियुक्त उपरोक्त बिहार प्रांत के व्यापारियों से पैसे लेने की फिराक में बिना नंबर प्लेट के सफेद अपाचे वाहन से विश्व सुंदरी पुल से गुजरने वाला है। मुखबिर की सूचना के आधार पर रामनगर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर अभियुक्त उपरोक्त को विश्वसुंदरी पुल से गिरफ्तार कर लिया गया।

बरामदगी का विवरण-01 अदद सफेद अपाचे वाहन बिना नंबर प्लेट की।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण – कृष्णा प्रसाद यादव उर्फ छोटू उर्फ झींगाटू पुत्र डबलू यादव नि0 सीर गोवर्धन (डाफी टोल प्लाजा के पास) थाना लंका वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक 16/09/2025 को, स्थान- विश्वसुंदरी पुल के पास थाना रामनगर।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाले पुलिस टीम का विवरण –

1. प्रभारी निरीक्षक श्री दुर्गा सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री जय प्रकाश सिंह चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री आदित्य कुमार राय चौकी प्रभारी भीटी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

4. उ0नि0 श्री पंकज कुमार मिश्रा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 रविन्द्र सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 सर्वेश कुमार थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी